मध्य प्रदेश की कोयला खानों में गोली काण्ड

5246. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :** क्या **श्रम और पुनर्वास मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या गत दो वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश की अनेक कोयला खानों में गोली चली थी;

(ख) क्या सरकार ने उक्त गोली कांडों की जांच कराने के आदेश दे दिए थे; और

(ग) यदि हां, तो इस जांच के क्या परिणाम निकले ?

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी) : (क) यह सूचना मिली है कि गत दो वर्षों के दौरान मध्य प्रदेश की वेस्ट झगड़खण्ड कोलियरीज़ में गोली चालन की एक घटना हुई थी।

(ख) और (ग) . यह मामला राज्य सरकार के लिए है।

मध्य प्रदेश और गुजरात में कपड़ा मिलों का बन्द होना

5247. **डा० लक्ष्मीनारायण पाण्डेय :** क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या मध्य प्रदेश और गुजरात की कपड़ा मिलें, वहां पर अनेक कपड़ा मिलों के श्रमिकों की हड़ताल के परिणामस्वरूप, कई दिनों तक बंद रहीं थीं ; और

(ख) यदि हां, तो श्रमिकों की मांगें क्या हैं ?

श्रम और पुनर्वास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री जी० वेंकटस्वामी) : (क) और (ख). यह मामला राज्य के क्षेत्राधिकार में आता है। उपलब्ध सूचना के अनुसार, इन्दौर और उज्जैन की 11 कपड़ा मिलों में श्रमिकों द्वारा सवेतन स्वाधिकार छुट्टी और आकस्मिक छुट्टी तथा बोनस में वृद्धि संबंधी अपनी मांगों के समर्थन में 20 फरवरी, 1973 से हड़ताल की गई थी। विवादास्पद विषयों को राज्य के मुख्य मंत्री के पास पंच-निर्णय के लिए भेजने संबंधी समझौते के बाद, उज्जैन की चार कपड़ा मिलों में हड़ताल पहली मार्च, 1973 को समाप्त हो गई। यह भी विदित होगा कि इन्दौर की कपड़ा मिलों की हड़ताल राज्य के मुख्य मंत्री द्वारा हस्तक्षेप किए जाने के पश्चात् 2 मार्च, 1973 को समाप्त की गई। गुजरात की कपड़ा मिलों के संबंध में मंत्रालय के पास कोई सूचना नहीं है।

मध्य प्रदेश की चीनी मिलों की ओर कर्मचारी भविष्य निधि की बकाया राशि

5248. **डा० लक्ष्मीनारायण पांडेय :** क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश की किन किन चीनी मिलों ने अभी तक कर्मचारी भविष्य निधि सम्बन्धी अपनी राशि जमा नहीं कराई है;

(ख) उसके कारण उन मिलों/व्यक्तियों के विरुद्ध सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई है; और

(ग) उक्त मिलों पर भविष्य निधि की बकाया राशि कितनी है ?